आईसर और सेमी-कंडक्टर लेबोरेटरी के बीच हुआ समझौता ज्ञापन

मोहाली, 23 मई 2026: सेमीकंडक्टर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान तथा तकनीकी सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईसर) मोहाली ने आज सेमी-कंडक्टर लेबोरेटरी (एससीएल), मोहाली के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

आईसर मोहाली में आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में इस समझौता ज्ञापन का कार्यक्रम भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeiTY) के सचिव श्री एस. कृष्णन, आईएएस, की गरिमामयी में संपन्न हुआ।

इस समारोह में दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों, वैज्ञानिकों एवं शोधकर्ताओं ने भाग लिया। एससीएल मोहाली के महानिदेशक डॉ. कमलजीत सिंह तथा आईसर मोहाली के कार्यवाहक निदेशक प्रो. पूर्णानंद गुप्ताशर्मा ने उद्घाटन वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सहयोगात्मक अनुसंधान के महत्व पर बल दिया।

समझौता ज्ञापन के महत्व पर आईआईएसईआर मोहाली के प्रो. अभिषेक चौधरी तथा एससीएल मोहाली के श्री एम. एम. ज़फर द्वारा प्रस्तुति दी गई। इस सहयोग से संयुक्त अनुसंधान पहलों, छात्र सहभागिता, ज्ञान-विनिमय तथा सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी एवं उभरते वैज्ञानिक क्षेत्रों से संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की अपेक्षा है।

उपस्थित वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए MeiTY के सचिव श्री एस. कृष्णन ने कहा कि ऐसे सहयोगों की शुरुआत पारस्परिक कार्यशालाओं तथा संस्थानों के बीच वैज्ञानिक संवाद बढ़ाने से होनी चाहिए। उन्होंने संस्थानों के बीच नियमित वैज्ञानिक व्याख्यानों एवं अकादमिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे एक सशक्त सहयोगात्मक वातावरण विकसित हो सके। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि इस क्षेत्र की दो उत्कृष्ट संस्थाएँ इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मिशन के सहयोग कर रही हैं।

समारोह का समापन आईसर मोहाली के डीन (अनुसंधान एवं विकास) प्रो. सुदीप मंडल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

यह साझेदारी अंतर्विषयी अनुसंधान को प्रोत्साहित करने तथा संस्थागत सहयोग के माध्यम से भारत के सेमीकंडक्टर तंत्र को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगी।

****